भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1271
उत्तर देने की तारीख 05 दिसंबर, 2024
14 अग्रहायण, 1946 (शक)

तमिलनाडु में स्टेडियमों का निर्माण

1271. श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा तमिलनाडु राज्य में कितने स्टेडियमों का निर्माण किया गया है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की तंजावुर में खेल स्टेडियम बनाने की कोई योजना है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): भारतीय खेल प्राधिकरण ने तमिलनाडु राज्य में कोई स्टेडियम नहीं बनाया है। तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के 'खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन' घटक के तहत, तंजावुर जिले सहित तमिलनाडु राज्य में पांच (05) खेल अवसंरचना परियोजनाएं हैं। तमिलनाडु राज्य में खेल अवसंरचना का विवरण इस मंत्रालय के डैशबोर्ड 'https://mdsd.kheloindia.gov.in' पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****